इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 14] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 4 अप्रैल 2014—चैत्र 14, शक 1936

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 27 मार्च 2014

फा. क्रमांक 17(ई)28-2008-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, श्री मोहम्मद युसूफ मंसूरी, बारहवें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भोपाल की सेवाएं पीठासीन अधिकारी, मध्यप्रदेश वक्फ अधिकरण, भोपाल के पद पर, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश होने तक, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को सौंपता है.

फा. क्रमांक 17(ई)81-2005-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री शम्भूदयाल दुबे, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की सेवाएं लोकायुक्त संगठन, भोपाल में विधिक सलाहकार के पद पर, अस्थाई रूप से आगामी आदेश होने तक, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपता है.

फा. क्रमांक 925-2014-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री राजीव शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दतिया की सेवाएं जिला न्यायाधीश (निरीक्षण), उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर वृत्त, ग्वालियर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, आगामी आदेश तक उच्च न्यायालय, जबलपुर को सौंपता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. वर्मा, सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 मार्च 2014

क्र. एफ 7-57-2003-बत्तीस.—जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (क्रमांक 6 सन् 1974) की धारा 4 की उपधारा (2) के खण्ड (च) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन द्वारा श्री ए. ए. मिश्रा, अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इन्दौर को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव के पद पर आगामी आदेश तक नामनिर्दिष्ट किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक कुमार मालवीय, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 मार्च 2014

क्र. एफ 9-1-11-ब-सोलह.—यत:, मेसर्स विन्ध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड, रीवा (जो इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना के नाम से निर्दिष्ट है) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) (जो इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम के नाम से निर्दिष्ट है) की धारा 17 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन छूट के लिये आवेदन किया है;

और, यत:, राज्य सरकार की राय में अभिदाय की दरों के संबंध में उक्त स्थापना के भविष्य निधि के नियम, उक्त अधिनियम की धारा 6 में विनिर्दिष्ट दरों की तुलना में, कर्मचारियों के लिये कम अनुकूल नहीं है और कर्मचारी भविष्य निधि के उन अन्य प्रलाभों का भी उपयोग कर रहे है, जो कुल मिलाकर उक्त अधिनियम या कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 (जो इसमें इसके पश्चात् उक्त योजना के नाम से निर्दिष्ट है) के अधीन उसी प्रकार की किसी अन्य स्थापना के कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए प्रलाभों की तुलना में कम अनुकूल नहीं है;

अतएव, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए और निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त स्थापना को भविष्यलक्षी प्रभाव से, कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के समस्त उपबंध लागू करने से छूट प्रदान करती है:—

अनुसूची

(1) उक्त स्थापना के संबंध में, नियोक्ता प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर, निरीक्षण के लिये ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करायेगा तथा ऐसे निरीक्षण प्रभार का संदाय करेगा जैसा कि केन्द्र सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3) के खण्ड (क) के अधीन समय-समय पर निर्देश दे.

(2) उक्त स्थापना के भविष्य निधि नियमों के अधीन देय अभिदाय की दर, किसी भी समय गैर छूट प्राप्त स्थापनाओं और उसके अधीन विरचित उक्त योजना के संबंध में उक्त अधिनियम के अधीन देय दर से कम नहीं होगी.

(3) अग्रिमों के मामले में छूट प्राप्त स्थापना की योजना, कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 से कम अनुकूल नहीं होगी.

(4) उक्त योजना में कोई ऐसा संशोधन जो कर्मचारियों के लिए, उक्त स्थापना के वर्तमान नियमों से अधिक लाभकारी है, उन पर स्वयमेव लागू हो जाएगा. उक्त स्थापना के भविष्य निधि नियम में कोई भी संशोधन, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बैगर नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से, उक्त स्थापना के कर्मचारियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, अपना अनुमोदन देने के पूर्व कर्मचारियों को उनके मामलों को स्पष्ट करने के लिए सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर होगा.

(5) उक्त अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (च) में यथा परिभाषित वे सभी कर्मचारी जो, यदि स्थापना को छूट प्रदान नहीं की गई होती तो भविष्य निधि के सदस्य बनने के पात्र होते, सदस्यों के रूप में नामांकित किए जाएंगे.

(6) जहां कोई कर्मचारी, भविष्य निधि (कानूनी) या किसी अन्य छूट प्राप्त स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, को उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोक्ता उसे तुरन्त निधि के सदस्य के रूप में नामांकित करेगा और ऐसे कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में पूर्व नियोक्ता के पास के संचयों को अंतरित कराने और उसके खाते में जमा कराने की व्यवस्था करेगा.

(7) नियोक्ता, समय-समय पर दिये गये निदेशों के अनुसार, भविष्य निधि के प्रबंध के लिए, यथास्थिति, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा, न्यासी बोर्ड की स्थापना करेगा.

(8) भविष्य निधि, न्यासी बोर्ड में निहित होगी जो भविष्य निधि के आगमों और उसमें से किए जाने वाले भुगतानों और उसकी अभिरक्षा में के अतिशेषों के साथ-साथ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रति उत्तरदायी और जिम्मेवार होगा.

(9) न्यासी बोर्ड, प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार बैठक करेगा और ऐसे दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेगा जो कि केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएं. केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को यह अधिकार होगा कि वह किसी अन्य अर्हित लेखा परीक्षक से खातों की पुनः संपरीक्षा कराए तथा इस प्रकार की पुनः संपरीक्षा पर होने वाले व्यय नियोक्ता द्वारा वहन किए जाएंगे.

(10) प्रत्येक लेखा वर्ष के लिए स्थापना के संपरीक्षित तुलन पत्र के साथ संपरीक्षित भविष्य निधि खातों की एक प्रति, वित्तीय वर्ष की, समाप्ति के छह माह के भीतर, क्षेत्रीय, भविष्य निधि आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी. इस प्रयोजन के लिए भविष्य निधि का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होगा.

(11) नियोक्ता, उस मास के, जिसके लिए अभिदाय संदेय है, प्रत्येक आगामी मास की 15 तारीख तक, उसके द्वारा और कर्मचारियों द्वारा भविष्य निधि में संदेय अभिदाय न्यासी बोर्ड को अंतरित कर देगा. नियोक्ता, अभिदाय के भुगतान में हुए किसी विलम्ब के लिए न्यासी बोर्ड को नुकसानी का भुगतान करने के लिए उसी प्रकार उत्तरदायी होगा जिस प्रकार कि वैसी ही परिस्थितियों में कोई गैर छूट प्राप्त स्थापना उत्तरदायी हो.

(12) न्यासी बोर्ड, सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार, निधि में धन का विनिधान करेगा. प्रतिभूतियां, न्यासी बोर्ड के नाम से प्राप्त की जाएंगी और भारतीय रिजर्व बैंक के साख-नियंत्रण में किसी अनुसूचित बैंक की अभिरक्षा में रखी जाएंगी.

(13) सरकार के निर्देशों के अनुसार निवेश करने में असफल रहने पर न्यासी बोर्ड अलग-अलग और संयुक्ततः उस अधिभार का, जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त या उसके प्रतिनिधि द्वारा अधिरोपित किया जाए, उत्तरदायी होगा.

(14) न्यासी बोर्ड एक लिपिवार रजिस्टर संधारित करेगा और ब्याज और मोचन आगमों की समय पर वसूली सुनिश्चित करेगा.

(15) न्यासी बोर्ड, प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में, जमा किए गए अभिदायों, आहरण और ब्याज का दर्शाने के लिए विस्तृत लेखे संधारित करेगा.

(16) वित्तीय/लेखा वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर, बोर्ड प्रत्येक कर्मचारी को वार्षिक लेखा विवरणी जारी करेगा.

(17) बोर्ड, वार्षिक लेखा विवरणी के स्थान पर प्रत्येक कर्मचारी को पास बुक जारी कर सकेगा. ये पास बुकें संबंधित कर्मचारियों की अभिरक्षा में रहेगी और कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर बोर्ड द्वारा अद्यतन की जाएंगी.

(18) प्रत्येक कर्मचारी के लेखे में लेखा वर्ष के पहले दिन प्रारंभिक अतिशेष पर उस दर से संगणित ब्याज जमा किया जाएगा जो कि न्यासी बोर्ड द्वारा विनिश्चित किया जाए, परन्तु जो उक्त स्कीम के पैरा 60 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित दर से कम नहीं होगा.

(19) यदि न्यासी बोर्ड, केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित दर से इस कारण से कि निवेश पर आय कम है या किसी अन्य कारण से ब्याज अदा करने में असमर्थ है तो इस कमी को नियोक्ता द्वारा पूरा किया जाएगा.

(20) नियोक्ता, चोरी, सेंधमारी, गबन, दुर्विनियोग अथवा किसी अन्य कारण से भविष्य निधि को हुई हानि को पूरा करेगा.

(21) नियोक्ता और साथ ही न्यासी बोर्ड, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां प्रस्तुत करेंगे, जैसी कि केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर विहित करें.

(22) उक्त स्कीम के पैरा 69 के अनुक्रम में किसी कर्मचारी का निधि का सदस्य न रह जाने पर यदि स्थापना के भविष्य निधि नियमों में कर्मचारी के अंशदानों को जब्त करने का प्रावधान है तो न्यासी बोर्ड, इस प्रकार जब्त की गई राशियों का अलग से लेखा संधारित करेगा और उसका ऐसे प्रयोजन के लिए उपयोग कर सकेगा जो कि केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन से अवधारित किया जाए.

(23) स्थापना के भविष्य निधि के नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी सदस्य के स्थापना का कर्मचारी न रह जाने के कारण देय राशि या उसके किसी अन्य स्थापना में स्थानांतरण हो जाने के कारण अंतरणीय राशि उसे उपदान या पेंशन नियमों के अंतर्गत अदा की जाने वाली नियोक्ता और कर्मचारी की राशि, नियोक्ता और कर्मचारी के अभिदाय की ब्याज सहित उस राशि से कम हो, जो उसे उस समय प्राप्त होती जब वह उक्त स्कीम का सदस्य होता, तो नियोक्ता क्षतिपूर्ति के रूप में या विशेष अभिदाय के रूप में अंतर की राशि अदा करेगा.

(24) नियोक्ता, भविष्य निधि के प्रबंध से संबंधित समस्त व्यय, जिसमें लेखों का संधारण, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, संचयन का अन्तरण सम्मिलित है, वहन करेगा.

(25) स्थापना के संबंध में नियोक्ता, प्रत्येक माह की समाप्ति के 15 दिन के भीतर निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा और ऐसे निरीक्षण प्रभार अदा करेगा जैसे कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3) के खण्ड (क) के अधीन समय-समय पर विनिश्चित करे.

(26) नियोक्ता, समुचित प्राधिकारी द्वारा यथा अनुमोदित निधि के नियमों की एक प्रति तथा जब भी उसमें कोई संशोधन होता है, तो उसकी मुख्य बातें अधिसंख्यक कर्मचारियों की भाषा में अनुवाद सहित स्थापना के सूचना पटल पर प्रदर्शित करेगा.

(27) "समुचित सरकार" स्थापना को छूट देते रहने के लिये कोई और शर्तें अधिकथित कर सकेगी.

(28) यदि कर्मचारी द्वारा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत उन स्थापनाओं के वर्ग के लिए, जिनमें कि उक्त स्थापना आती है, भविष्य निधि में अभिदाय की दर बढ़ाई जाती है, तो नियोक्ता भविष्य निधि में अभिदाय की दर को समुचित रूप से बढ़ाएगा, ताकि स्थापना के भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत के लाभ, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत दिये जाने वाले लाभों से कम अनुकूल न हो.

(29) उपरोक्त शर्तों में से किसी भी शर्त के उल्लंघन की दशा में छूट रद्द की जा सकेगी.

No. F 9-1-2011-B-XVI.—WHEREAS, Messrs Vindhya Telelinks Limited, Rewa (hereinafter referred to as said establishment) has applied for exemption under clause (a) of sub-section (1) of Section 17 of the Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) hereinafter referred to as the said Act);

AND, WHEREAS, in the opinion of the State Government rules of the provident fund of the said establishment with respect to the rates of contribution are not less favourable to the employees than those specified in Section 6 of the said Act the and employees are also in enjoyment of other provident fund benefits which on the whole are not less favourable to the employees, than the benefits provided under the said Act or under the Employees' Provident Funds Scheme, 1952 (hereinafter referred to as the said Scheme) in relation to the employees in any other establishment of a similar character.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of Section 17 of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952), and subject to the conditions specified in the following Schedule, the State Government, hereby, exempts prospectively the said establishment from the operation of all the provisions of the Employees' provident Funds Scheme, 1952 :—

SCHEDULE

(1) The employer in relation to the said establishment shall provide for such facilities for inspection and pay such inspection charge as the Central Government may, form time to time direct under clause (a) of sub-section (3) of Section 17 of said Act wthin 15 days from the close of every month.

(2) The rate of contribution payable under the provident fund rules of the said establishment shall at no time be lower than those payable under the siad Act in respect of the un-exempted establishment and the said Scheme framed thereunder.

(3) In the matter of advances, the scheme of the exempted establishment shall not be less favourable than the Employees' Provident fund Scheme, 1952.

(4) Any amendment to the siad Scheme, which is more beneficial to the employees than the existing rules of the said establishment shall be made applicable to them automatically, No amendment of the rules of the provident fund of the said establishment shall be made without the previous approval of the Regional Provident fund Commissioner and where any amendment his likely to affect adversely the interest of the employees of the siad establishment, the Regional Provident Fund commissioner shall before giving his approval, give a reasonable opportunity of hearing to the employees to explain their case.

(5) All employees [as defined in clause (f) of Section 2 of the said Act], who would have been eligible to become member of the Provident Fund, had the said establishment not been granted exemption shall be enrolled as members.

(6) Where an employee who is already a member for the Employees' Provident Fund (Statutory) or a provident fund of any other exempted establishment is employed in his establishment, the employer shall immediately enrol him as a member of the fund and arrange to have the accumulations in the provident fund account of such employee with his previous employer transferred and credited to his account.

(7) The employer shall establish a Board of Trustees for the mangement of the provident fund according to such directions as may be given by the Central Provident Fund commissioner or by the Central Government, as the case may be from time to time.

(8) The Provident Fund shall vest in the Board of Trustees which shall be responsible for and accountable to the Employees Provident Fund Organisation inter-alia for proper accounts of the receipts into and payments from the Provident Fund and the balances in its custody.

(9) The Board of Truistees shall meet at least once in every three months and shall function in accordance with the guidelines that may be issued from time to time by the Central Government, Central Provident Fund Commissioner shall have the right to have the accounts re-audited by any other qualified auditor and the expenses on such re-audit shall be borne by the employer.

(10) A copy of the audited provident fund accounts together with the audited balance sheet of the said establishment for each accounting year shall be submitted to the Regional Provident Fund Commissioner within six months after the close of the financial year. For this purpose, the financial year of the Provident fund shall be from the 1st April to the 31st March.

(11) The employer shall transfer to the Board of Trustees the contribution payable to the provident Fund by himself and the employees by the 15th of each month following the month for which the contribution are payable. The employer shall be liable to pay damages to the Board of Trustees for any delay in payment of the contributions in the same manner, as an unexempted establishment is liable under similar circumstance.

(12) The Board of Trustees shall invest the monies in the fund as per direction that may be given by the Government from time to time, The securities shall be obtained in the name of the Board of Trustees and shall be kept in the custody of a scheduled Bank under the Credit Control of the Reserve Bank of India.

(13) Failure to make the investments as per direction of the Government shall make the Board of Trustees severally and jointly liable to surcharge as may be imposed by the Central Provident Fund Commissioner or his representative.

(14) The Board of Trustees shall maintain a script wise register and ensure timely realization of interest and redemption proceeds.

(15) The Board of Trustees shall maintain detailed accounts to show the contributions credited, withdrawal and interest in respect of each employee.

(16) The Board shall issue an annual statement of accounts to every employees within six months of the close to financial/ accounting year.

(17) The Board, may instead of the annual statement of accounts, issue passbooks to every employee. These pass book shall remain in the coustody for the concerned employee and will be brought upto date by the Board on presentation by the employees.

(18) The accounts of each employee shall be credited with interest calculated on the opening balance as on the Ist day of the accounting year at such rate as may be decided by the Board of Trustees but shall not be lower than the rate declared by the Central Government under para 60 of the said Scheme.

(19) If the Board of Trustees is unable to pay interest at the rate declared by the Central Government for the reason that the return on investment is less or for any other reason, than the deficiency shall be made good by the employer.

(20) The employer shall also make good any other loss that may be caused to the Provident fund due to theft, burglary defalcation, mis-appropriation or any other reason.

(21) The employer as well as the Board of Trustees shall submit such returns to the Regional Provident Fund commissioner as the Central Government/ Central Provident Fund Commissioner may Prescribe from time to time.

(22) If the Provident Fund rules of the said establishment provide forfeiture of the employees' contribution in cases where an employees ceases to be a member of the fund

on the lines of para 69 of the said scheme, the Board of Trustees shall maintain a separate of the amounts so forfeited and may utilize the same for such purpose as may be determined with the prior approval of the Central Provident Fund Commissioner.

(23) Notwithstanding any thing contained in the rules of the Provident Fund of the establishment, if the amount payable to any member upon his ceasing to be an employee of the establishment or transferable on his transfer to any other establishment by way of employer and employees' contribution plus interest thereon taken together with the amount, if any payable under the Gratuity or Pension Rules be less than the amount that would be payable as employer's and employees' contribution plus inerest thereon if he were a member of the Provident fund under the said scheme. The employer shall pay the difference to the member as compensation of special contribution.

(24) The employer shall bear all the expenses of the administration of the provident Fund including the maintenance of accounts, submission of returns, transfer of accumulations.

(25) The employer in relation to the said establishment shall provide for such facilities for inspection and pay such inspection charges within 15 days from the close of every month as the Central Government, may, from time to time decide under clause (a) of sub-section (3) of Section 17 of the said act.

(26) The employer shall display on the notice board of the said establishment, a copy of the rules of the fund as approved by the appropriate authority and as and when amended, along with a translation of the salient points thereof in language of the majority of the employees.

(27) The "Appropriate Government" may lay down any further conditions for continues exemption of the establishment.

(28) The employee shall enhance the rate of provident fund contribution appropriately if the rate of provident fund contribution for the class of establishment which the said establishment falls is enhanced under the said act so that tha benefits under the provident fund scheme of the said establishment shall not become less-favorable than the benefits provided under the said act,

(29) The exemption is liable to be cancelled for violation of any of the above condition.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीनिवास शर्मा, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 मार्च 2014

क्र. एफ 1(ए) 29-2012-ब-2-दो.—श्री रियाज इकबाल, भापुसे., नगर पुलिस अधीक्षक, गोविन्दपुरा, भोपाल को दिनांक 25 फरवरी से 11 मार्च 2014 तक, पन्द्रह दिवस पितृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री रियाज इकबाल, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न नगर पुलिस अधीक्षक, गोविन्दपुरा, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री रियाज इकबाल, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रियाज इकबाल, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 18 मार्च 2014

क्र. एफ. 1(ए) 269-86-ब-2-दो.—श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को-ऑपरेटिव्ह फ्राड एवं लोक सेवा गारण्टी एवं सूचना का अधिकार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 20 से 29 मार्च 2014 तक, दस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 30 मार्च 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए, राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2014-17 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2014-15 में गृहनगर अवकाश यात्रा की पात्रता के तहत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ गृह नगर श्रीकाकुलम (आन्ध्रप्रदेश) की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री एम.आर. कृष्णा	—	स्वयं
2.	श्रीमती एम. इन्दिरा	—	पत्नी
3.	एम. तरुण	—	पुत्र

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., को दस

दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री के. एल. मीणा, भापुसे., अतिरिक्त महानिदेशक, विशेष अभियान, भोपाल द्वारा अतिरिक्त रूप से अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को-ऑपरेटिव्ह फ्राड एवं लोक सेवा गारण्टी एवं सूचना का अधिकार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को-ऑपरेटिव्ह फ्राड एवं लोक सेवा गारण्टी एवं सूचना का अधिकार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. आर. कृष्णा, भापुसे., अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 92-2001-ब-2-दो.—श्री जी. पी. उइके, भापुसे., पुलिस महानिरीक्षक, (समन्वय) अअवि, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 9 से 30 दिसम्बर 2013 तक कुल बाईस दिवस का लघुकृत एवं दिनांक 31 दिसम्बर 2013 से 17 जनवरी 2014 तक, कुल अठारह दिवस का अर्जित अवकाश उपभोग पश्चात् स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री जी. पी. उइके, भापुसे, के अवकाश खाते से चौवालीस दिवस का अर्द्धवैतनिक अवकाश घटाया जायेगा.

(3) अवकाशकाल में श्री जी. पी. उइके, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जी. पी. उइके, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए) 191-1991-ब-2-दो.—श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, महानिरीक्षक विपुस्था, लोक आयुक्त, कार्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 16 जून से 5 जुलाई 2014 तक, बीस दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, की अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री एस.एम. अफजल, भापुसे, महानिरीक्षक (पूर्व) विपुस्था, लोक आयुक्त, कार्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न महानिरीक्षक विपुस्था, लोक आयुक्त, कार्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, महानिरीक्षक विपुस्था, लोक आयुक्त, कार्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका 2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 20 मार्च 2014

क्र. एफ 1(ए) 87-2008-ब-2-दो.—सुश्री चैत्रा एन., भापुसे., सेनानी 32वीं वाहिनी, विसबल, उज्जैन को दिनांक 17 से 18 फरवरी 2014 तक के दो दिवस के आकस्मिक अवकाश एवं दिनांक 14, 15 एवं 16 फरवरी 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2014-17 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2014-15 में गृह नगर बैंगलोर जाने की अवकाश यात्रा सुविधा की कार्योत्तर अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर सुश्री चैत्रा एन., भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सेनानी 32वीं वाहिनी, विसबल, उज्जैन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में सुश्री चैत्रा एन.,भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री चैत्रा एन., भापुसे, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. स्वाई, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 24 मार्च 2014

फा. क्र. 3(ए)15-2005-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ उच्चतर न्यायिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति से उनके द्वारा कार्यभार सौंपने के दिनांक से वापस कर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय को सौंपता है :—

1. श्री अचल कुमार पालीवाल, अतिरिक्त सचिव,
2. श्री अरूण कुमार सिंह (सीनि), अतिरिक्त सचिव,
3. श्री राजेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सचिव,
4. श्री शिवचरण पाण्डे, अतिरिक्त सचिव,
5. श्री सतीश चन्द्र शर्मा (जूनि.) (नई दिल्ली कार्यालय), अतिरिक्त सचिव.
6. श्री राजीव म. आपेट, अतिरिक्त सचिव.

फा. क्र. 3(ए)4-2014-इक्कीस-ब(एक).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय के परामर्श से मध्यप्रदेश शासन, एतद्द्वारा, निम्नलिखित सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) को मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 यथासंशोधित नियम, 5(1)(ए) के अंतर्गत उनके कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर), वेतनमान रुपये 51550—1230—58930—1380—63070, के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करता है:—

1. श्री अविनाश चंद्र तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नरसिंहपुर.
2. श्री देवनारायण पाटिल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, टीकमगढ़.
3. श्री रामब्रेश (यादव), प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दतिया.
4. श्री कमर इकबाल खान, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सतना.
5. श्री अजय कुमार टेलर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भिण्ड.
6. श्री अजय कुमार सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मण्डला.
7. श्रीमती सविता सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं अतिरिक्ति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इन्दौर.

फा. क्र. 17(ई)7-2011-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, श्रीमती गिरिवाला सिंह, रजिस्ट्रार (ज्यूडिशियल-1), मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, जबलपुर को आगामी आदेश होने तक उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से मध्यप्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण, जबलपुर में उप सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. वर्मा, सचिव.

भोपाल, दिनांक 25 मार्च 2014

फा. क्र. 1(सी)-6-2014-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला बड़वानी को विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन के विशेष न्यायालयों के समक्ष लंबित प्रकरणों में, शासन की ओर से पैरवी करने हेतु उनकी पदस्थापना तक, एतद्द्वारा विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कृष्ण गोपाल सुरेका, सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 मार्च 2014

फा. क्र. I-1-2002-इक्कीस-ब(एक).—कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, उच्च न्यायालय से परामर्श के पश्चात्, एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट निम्नलिखित कुटुम्ब न्यायालयों की स्थापना, कॉलम (3) की तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट मुख्यालयों पर उसके (अनुसूची के) कॉलम

(4) में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के लिये करता है, अर्थात् :—

अनुसूची

अनुक्रमांक (1)	कुटुम्ब न्यायालय का नाम (2)	मुख्यालय (3)	क्षेत्र जिसकी अधिकारिता तक विस्तार होगा (4)
1	कुटुम्ब न्यायालय, बैतूल	बैतूल	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, बैतूल की सीमाएं.
2	कुटुम्ब न्यायालय, सतना	सतना	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगर निगम, सतना की सीमाएं.
3	कुटुम्ब न्यायालय, मंदसौर	मंदसौर	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, मंदसौर की सीमाएं.
4	कुटुम्ब न्यायालय, कटनी	कटनी	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगर निगम, कटनी की सीमाएं.
5	कुटुम्ब न्यायालय, रतलाम	रतलाम	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगर निगम, रतलाम की सीमाएं.
6	कुटुम्ब न्यायालय, छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, छिंदवाड़ा की सीमाएं.
7	कुटुम्ब न्यायालय, सिवनी	सिवनी	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, सिवनी की सीमाएं.
8	कुटुम्ब न्यायालय, गुना	गुना	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, गुना की सीमाएं.
9	कुटुम्ब न्यायालय, देवास	देवास	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हों, को सम्मिलित करते हुए नगर निगम, देवास की सीमाएं.
10	कुटुम्ब न्यायालय, भिण्ड	भिण्ड	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, भिण्ड की सीमाएं.
11	कुटुम्ब न्यायालय, विदिशा	विदिशा	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, विदिशा की सीमाएं.
12	कुटुम्ब न्यायालय, धार	धार	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, धार की सीमाएं.
13	कुटुम्ब न्यायालय, बालाघाट	बालाघाट	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, बालाघाट की सीमाएं.
14	कुटुम्ब न्यायालय, छतरपुर	छतरपुर	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, छतरपुर की सीमाएं.
15	कुटुम्ब न्यायालय, सिंगरौली	सिंगरौली	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगर निगम, सिंगरौली की सीमाएं.
16	कुटुम्ब न्यायालय, मण्डलेश्वर	मण्डलेश्वर	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, मण्डलेश्वर की सीमाएं.

(1)	(2)	(3)	(4)
17	कुटुम्ब न्यायालय, नीमच	नीमच	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, नीमच की सीमाएं.
18	कुटुम्ब न्यायालय, मुरैना	मुरैना	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, मुरैना की सीमाएं.
19	कुटुम्ब न्यायालय, सीधी	सीधी	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, सीधी की सीमाएं.
20	कुटुम्ब न्यायालय, मण्डला	मण्डला	केन्टोनमेंट क्षेत्र, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए नगरपालिका, मण्डला की सीमाएं.

(2) यह अधिसूचना 1 अप्रैल 2014 से प्रभावी होगी.

F. No. I-1-2002-XXI-B(One).—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Family Courts Act, 1984 (No. 66 of 1984), the State Government, after consultation with the High Court, hereby establish, the following Family courts specified in column (2) of the Schedule below, at the headquarters specified in the corresponding entries in column (3), for the areas specified in column (4) thereof, namely :—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Family Court	Head quarters	Area to which the Jurisdiction shall extend
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Family Court, Betul	Betul	Limits of Municipality, Betul including Cantonment area, if any.
2	Family Court, Satna	Satna	Limits of Municipal Corporation, Satna including Cantonment area, if any.
3	Family Court, Mandsaur	Mandsaur	Limits of Municipality, Mandsaur including Cantonment area, if any.
4	Family Court, Katni	Katni	Limits of Municipal Corporation, Katni including Cantonment area, if any.
5	Family Court, Ratlam	Ratlam	Limits of Municipal Corporation, Ratlam including Cantonment area, if any.
6	Family Court, Chhindwara	Chhindwara	Limits of Municipality, Chhindwara including Cantonment area, if any.
7	Family Court, Seoni	Seoni	Limits of Municipality, Seoni including Cantonment area, if any.
8	Family Court, Guna	Guna	Limits of Municipality, Guna including Cantonment area, if any.
9	Family Court, Dewas	Dewas	Limits of Municipal Corporation, Dewas including Cantonment area, if any.
10	Family Court, Bhind	Bhind	Limits of Municipality, Bhind including Cantonment area, if any.

(1)	(2)	(3)	(4)
11	Family Court, Vidisha	Vidisha	Limits of Municipality, Vidisha including Cantonment area, if any.
12	Family Court, Dhar	Dhar	Limits of Municipality, Dhar including Cantonment area, if any.
13	Family Court, Balaghat	Balaghat	Limits of Municipality, Balaghat including Cantonment area, if any.
14	Family Court, Chhatarpur	Chhatarpur	Limits of Municipality, Chhatarpur including Cantonment area, if any.
15	Family Court, Singrauli	Singrauli	Limits of Municipal Corporation, Singrauli including Cantonment area, if any.
16	Family Court, Mandleshwar	Mandleshwar	Limits of Municipality, Mandleshwar including Cantonment area, if any.
17	Family Court, Neemuch	Neemuch	Limits of Municipality, Neemuch including Cantonment area, if any.
18	Family Court, Morena	Morena	Limits of Municipality, Morena including Cantonment area, if any.
19	Family Court, Sidhi	Sidhi	Limits of Municipality, Sidhi including Cantonment area, if any.
20	Family Court, Mandla	Mandla	Limits of Municipality, Mandla including Cantonment area, if any.

(2) This Notification shall come into force with effect from 1st April 2014.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. वर्मा, सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश—462 011

भोपाल, दिनांक 24 मार्च 2014

आदेश

क्र. एफ. 67-252-10-तीन-566.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् मनगवां, जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्री संतोष कुमार** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर परिषद् मनगवां, जिला रीवा** के निर्वाचन परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पत्र क्र. 664/स्था.निर्वा/2011, दिनांक 2 सितम्बर 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री संतोष कुमार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री संतोष कुमार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 14 सितम्बर 2011 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा के माध्यम से दिनांक 2 अक्टूबर 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन), इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री संतोष कुमार को कारण बताओ नोटिस दिनांक 2 अक्टूबर 2011 को तामील कराया गया. अतः अभ्यर्थी को अपना जवाब/अभ्यावेदन दिनांक 17 अक्टूबर 2011 तक प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **श्री संतोष कुमार** से प्राप्त अभ्यावेदन दिनांक 25 अक्टूबर 2011 जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 2 नवम्बर 2011 को प्राप्त हुआ. प्राप्त अभ्यावेदन की जांच कलेक्टर, रीवा से कराई गई. जांच उपरान्त कलेक्टर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 5 जून 2012 में प्रतिवेदित है कि ''अभ्यर्थी **श्री संतोष कुमार** द्वारा अस्वस्थ्यता का कारण प्रदर्शित करते हुए विलम्ब का कारण स्पष्ट किया, किन्तु इनके द्वारा अस्वस्थ्यता के संबंध में कोई अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, ऐसी स्थिति में इनके तथ्यों पर विचार किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री संतोष कुमार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद् मनगवां, जिला रीवा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2014

क्र. एफ. 67-123-10-तीन-593.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-''क'' के अनुसार **महापौर** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार **महापौर** पद का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम, भोपाल, जिला भोपाल** के आम निर्वाचन में **श्रीमती रुखसाना बी राईन** महापौर पद की अभ्यर्थी थीं. **नगरपालिक निगम, भोपाल जिला भोपाल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **भोपाल** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,

भोपाल के पत्र क्र./7471/स्था.निर्वा./10, दिनांक 6 मार्च 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती रुखसाना बी राईन** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती रुखसाना बी राईन** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 अप्रैल 2010 को जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में अथ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

कारण बताओ नोटिस दिनांक 16 अप्रैल 2010 के संबंध में अभ्यर्थी **श्रीमती रुखसाना बी राईन** ने आयोग को अपना अभ्यावेदन दिनांक 5 जुलाई 2010 प्रस्तुत किया. उक्त अभ्यावेदन में वर्णित तथ्यों की जांच कलेक्टर, भोपाल से कराई गई. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल से प्राप्त जांच प्रतिवेदन दिनांक 14 सितम्बर 2010 में प्रतिवेदित है कि ''अभ्यर्थी **श्रीमती रुखसाना बी राईन** द्वारा अभ्यावेदन में उल्लिखित किया है कि ''उनकी छोटी पुत्री अमीना उर्फ फरहा के पति दिनांक 20 मार्च 2010 को अचानक लापता हो गये थे. पारिवारिक विवाद के कारण दिनांक 17 जून 2010 को पुत्री का तलाक हो गया'' उप जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल द्वारा अवगत कराया है कि अभ्यर्थी द्वारा दर्शाया गया कारण मान्य योग्य नहीं है.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम, अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती रुखसाना बी राईन** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम, भोपाल, जिला भोपाल** का पार्षद या महापौर होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2014

क्र. एफ. 67-247-10-तीन-595.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् हनुमना, जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्री हृदय लाल सोनी** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर परिषद् हनुमना जिला रीवा** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पत्र क्र. 664/स्था.निर्वा/2011, दिनांक 2 सितम्बर 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री हृदय लाल सोनी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री हृदय लाल सोनी** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 28 सितम्बर 2011 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा के माध्यम से दिनांक 5 मार्च 2012 को तामील कराया गया. अभ्यर्थी से कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन), इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में समस्त वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के

अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री हृदय लाल सोनी को कारण बताओ नोटिस दिनांक 5 मार्च 2012 को तामील कराया गया. अत: अभ्यर्थी को अपना जवाब/अभ्यावेदन दिनांक 20 मार्च 2012 तक प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **श्री हृदय लाल सोनी** ने अभ्यावेदन दिनांक निरंक, प्रेषित किया जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 13 अप्रैल 2012 को प्राप्त हुआ. प्राप्त अभ्यावेदन की जांच कलेक्टर, एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा से कराई गई. जांच उपरान्त कलेक्टर ने अपने प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 6 जनवरी 2014 में प्रतिवेदित है कि "अभ्यर्थी **श्री हृदय लाल सोनी** द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया है कि व्यय लेखा में त्रुटियां की, किन्तु उसके द्वारा त्रुटियों के परिमार्जन पश्चात् व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके स्वीकारिता के संबंध में विचार करना उचित प्रतीत नहीं होता है".

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री हृदय लाल सोनी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद हनुमना, जिला रीवा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2014

क्र. एफ. 67-247-10-तीन-596.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् हनुमना, जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् हनुमना जिला रीवा** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रीवा** के पत्र क्र. 664/स्था.निर्वा/2011, दिनांक 2 सितम्बर 2011 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 28 सितम्बर 2011 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा के माध्यम से दिनांक 5 मार्च 2012 को तामील कराया गया. अभ्यर्थी से कारण बताओ नोटिस का जवाब (लिखित अभ्यावेदन), इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में समस्त वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

कारण बताओ नोटिस के संबंध में अभ्यर्थी **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** से प्राप्त अभ्यावेदन दिनांक 14 दिसम्बर 2011 की जांच कलेक्टर, रीवा से कराई गई. उप जिला निर्वाचन अधिकारी

रीवा से प्राप्त जांच प्रतिवेदन दिनांक 6 जनवरी 2014 में प्रतिवेदित है कि ''अभ्यर्थी **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** द्वारा अभ्यावेदन में उल्लिखित किया है कि ''हनुमना एवं रीवा के अधिकारियों द्वारा व्यय लेखा प्रमाणित न करने के कारण दाखिल नहीं कर पाई'' इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा द्वारा अवगत कराया है कि अभ्यर्थी द्वारा व्यय लेखा के शपथ पत्र का प्रमाणीकरण नोटरी द्वारा भी कराया जा सकता था, जो अभ्यर्थी द्वारा नहीं कराया गया. अभ्यावेदन में उल्लिखित तथ्य काल्पनिक होने से विचार योग्य नहीं हैं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती यशोदा कुमारी सोधिया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद हनुमना, जिला रीवा** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मार्च 2014

